# 42. कृषि के प्रकार

1. स्थानान्तरणशील कृषि की शुरूआत सर्वप्रथम कहाँ से हुई ?
(a) इण्डोनेशिया से (b) थाईलैंड से
(c) कांगो बेसिन से (d) अमेजन बेसिन से

2. झूम (Jhoom) है—
(a) भारत के उत्तर-पूर्व की एक जनजाति (b) कृषि (खेती) का एक प्रकार
(c) एक लोक नृत्य (d) एक नदी का नाम *[SSC 2012]*

3. लदांग सम्बन्धित है—
(a) बागानी कृषि से (b) पशुचारण से
(c) स्थानान्तरणशील कृषि से (d) दुग्ध पशुपालन से

4. लदांग चलवासी कृषि किस देश से सम्बन्धित है ?
(a) इण्डोनेशिया (b) ब्राजील (c) मलेशिया (d) श्रीलंका

5. सामान्य जीवन निर्वहन कृषि श्रीलंका में निम्न में से किस नाम से जानी जाती है ?
(a) कोनूको (b) हुमा (c) मिल्पा (d) चेन्ना

6. थाईलैंड में की जाने वाली स्थानान्तरित कृषि को किस नाम से जाना जाता है ?
(a) तुंग्या (b) तमराई (c) टावी (d) हुमा

7. वियतनाम एवं लाओस में की जाने वाली स्थानान्तरित कृषि को क्या कहा जाता है ?
(a) रे (b) टावी (c) तमराई (d) तुंग्या

8. म्यान्मार में की जाने वाली स्थानान्तरणशील कृषि किस नाम से जानी जाती है ?
(a) तमराई (b) तुंग्या (c) कैंगिन (d) रे

9. निम्नलिखित में कौन सही सुमेलित है ?
1. श्रीलंका — चेन्ना 2. जायरे — मसोले 3. इंडोनेशिया — हुमा
कूट :
(a) 1 एवं 3 (b) 1 एवं 2 (c) 2 एवं 3 (d) 1,2 एवं 3

10. निम्नलिखित में कौन सुमेलित नहीं है ?
(a) टावी — मालागासी (b) मसोले — कांगो
(c) चेन्ना — म्यान्मार (d) तमराई — थाईलैंड

11. निम्नलिखित में कौन सुमेलित नहीं है ?
(a) रे — वियतनाम (b) रोका — ब्राजील
(c) कैंगिन — फिलीपीन्स (d) लदांग — म्यान्मार

12. ट्रक फार्मिंग (Truck Farming) का अभिप्राय है—
(a) रेशम कीट पालन से (b) अंगूर की खेती से
(c) बागवानी कृषि से (d) जलज कृषि से

13. महानगरों के बाहरी भाग में की जाने वाली फलों, सब्जियों एवं फूलों की गहन कृषि को कहा जाता है—
(a) उद्यान कृषि (b) बाजार कृषि (c) ट्रक फार्मिंग (d) इनमें से सभी

14. डेयरी फार्मिंग के लिए आवश्यकता होती है—
(a) अधिक पूँजी, कम श्रम (b) कम पूँजी, अधिक श्रम
(c) अधिक पूँजी, अधिक श्रम (d) कम पूँजी, कम श्रम

15. मिली-जुली खेती से क्या तात्पर्य है ?
(a) नकदी और खाद्य दोनों फसलों को बोना
(b) एक ही खेत में दो अथवा अधिक फसलों को बोना
(c) एक वर्ष छोड़कर दो अथवा अधिक फसलों को बोना
(d) पशुपालन और कृषि साथ-साथ करना [SSC, 2011]

16. बागानी कृषि की प्रमुख विशेषता है—
(a) एक फसली उत्पादन
(b) विभिन्न समूहों में विविध फसलों का उत्पादन
(c) बड़े फार्मों पर पशुपालन एवं फसल उत्पादन
(d) फलदार वृक्षों की कृषि

17. विश्व में बागानी कृषि का सर्वाधिक विकास कहाँ हुआ है ?
(a) मध्य अमेरिका (b) अमेजन बेसिन
(c) कांगो बेसिन (d) दक्षिण पूर्वी एशिया

18. सघन खेती के लिए खेतिहर क्षेत्र होना चाहिए—
(a) अधिक वर्षा वाला (b) कम वर्षा वाला
(c) सिंचित (d) असिंचित

19. बिना सिंचाई की सहायता से की जाने वाली तर खेती (Wet Farming) के लिए वार्षिक वर्षा की कितनी मात्रा आवश्यक होती है ?
(a) 50 सेमी० से कम (b) 50 से 100 सेमी०
(c) 100 से 200 सेमी० (d) 200 सेमी० से अधिक

20. सर्वाधिक सघन खेती प्रचलित है—
(a) चीन में (b) भारत में
(c) इण्डोनेशिया में (d) जापान में [UPPCS, 1995]

21. बागानी कृषि के अन्तर्गत नहीं आता है—
(a) नारियल (b) चावल (c) कहवा (d) रबड़

22. खाद्यान्न कृषि के अन्तर्गत नहीं आता है—
(a) चावल की कृषि (b) गेहूँ की कृषि
(c) गन्ना की कृषि (d) मक्का की कृषि

23. किस प्रकार की कृषि के अन्तर्गत बड़े-बड़े फार्मों की स्थापना करके कारखानों की भांति किसी एक ही फसल की कृषि की जाती है ?
(a) गहन कृषि (b) विस्तृत कृषि
(c) जीविका कृषि (d) रोपण अथवा बागानी कृषि

24. विश्व में किस प्रकार की कृषि का सर्वाधिक प्रचलन है ?
(a) गहन कृषि (b) विस्तृत कृषि
(c) स्थानबद्ध कृषि (d) बागानी कृषि

25. स्थानान्तरणशील कृषि के बिल्कुल विपरीत कृषि पद्धति है—
(a) जीविका कृषि (b) स्थानबद्ध कृषि
(c) गहन कृषि (d) विस्तृत कृषि

26. स्थानान्तरणशील कृषि का अन्य नाम है—
(a) बुश फेलो कृषि (b) काटना एवं जलाना
(c) उपर्युक्त दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

27. किस प्रकार की कृषि में फसलों का अधिकाधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए भूमि की प्रत्येक इकाई पर अधिक मात्रा में पूँजी एवं श्रम का प्रयोग किया जाता है ?
(a) जीविका कृषि (b) गहन कृषि (c) विस्तृत कृषि (d) रोपण कृषि

28. विस्तृत आकार वाले खेतों पर यांत्रिक विधियों से की जाने वाली कृषि कहलाती है—
(a) गहन कृषि (b) गहन जीविका कृषि
(c) विस्तृत कृषि (d) बागानी कृषि

29. व्यापारिक स्तर पर की जाने वाली सब्जियों एवं फलों-फूलों की कृषि जिसके परिवहन में ट्रकों का अधिक उपयोग होता है, कहलाता है—
(a) मार्केट फार्मिंग (b) ट्रक फार्मिंग (c) डेयरी फार्मिंग (d) हाइड्रोपोनिक्स

30. पूर्व सोवियत संघ का स्टेपी, संयुक्त राज्य अमेरिका का मध्यवर्ती एवं पश्चिमी मैदानी भाग, कनाडा का प्रेयरी क्षेत्र, अर्जेण्टीना का पम्पास क्षेत्र तथा आस्ट्रेलिया का डाउन्स क्षेत्र किस प्रकार की कृषि के लिये प्रसिद्ध है ?
(a) गहन जीविका कृषि (b) गहन कृषि
(c) विस्तृत कृषि (d) बागानी कृषि

31. निम्न में से कौन ट्रक फार्मिंग का दूसरा नाम है—
(a) रेशम उत्पादन कृषि (b) अंगूरोत्पादन कृषि
(c) फल कृषि (d) विपणन बागवानी

32. गहन कृषि से सम्बन्धित नहीं है—
(a) नीदरलैंड में सब्जी की कृषि (b) कैलीफोर्निया में फलों की कृषि
(c) द० पू० एशिया में धान की कृषि (d) कनाडा में गेहूँ की कृषि

33. निम्नलिखित में कौन-सा तत्व विस्तृत कृषि में समाविष्ट नहीं है ?
(a) प्रति हैक्टेयर अधिक उत्पादन (b) प्रति व्यक्ति अधिक उत्पादन
(c) प्रति फार्म बड़ा भू-भाग (d) प्रति फार्म अधिक आय

34. एशिया महाद्वीप के मानसूनी जलवायु वाले क्षेत्रों तथा जहाँ जनसंख्या का बहुत अधिक घनत्व पाया जाता है, में किस प्रकार की कृषि की जाती है ?
(a) गहन कृषि (b) विस्तृत कृषि
(c) मिश्रित कृषि (d) गहन जीविका कृषि

35. रेशन के उत्पादन हेतु व्यापारिक स्तर पर रेशम के कीड़ों का पाला जाना क्या कहलाता है ?
(a) सिल्वीकल्चर (b) सेरीकल्चर (c) एपीकल्चर (d) विटीकल्चर

36. व्यापारिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु समुद्री जीवों के उत्पादन की क्रिया क्या कहलाती है ?
(a) पीसीकल्चर (b) एपीकल्चर (c) मेरीकल्चर (d) हार्टीकल्चर

37. व्यापारिक स्तर पर की जाने वाली मछली पालन की क्रिया को क्या कहा जाता है ?
(a) विटीकल्चर (b) मेरीकल्चर (c) सिल्वीकल्चर (d) पीसीकल्चर

38. वनों के संरक्षण एवं सम्वर्द्धन से सम्बन्धित क्रिया क्या कहलाती है ?
(a) एपीकल्चर (b) सिल्वीकल्चर (c) हार्टीकल्चर (d) ओलेरीकल्चर

39. व्यापारिक स्तर पर की जाने वाली फूलों की कृषि को क्या कहा जाता है ?
(a) फ्लोरीकल्चर (b) हार्टीकल्चर (c) एपीकल्चर (d) वेजीकल्चर

40. व्यापारिक स्तर पर किया जाने वाला विभिन्न प्रकार के फलों का उत्पादन कहलाता है—
(a) एपीकल्चर (b) हार्टीकल्चर (c) मेरीकल्चर (d) सिल्वीकल्चर

41. व्यापारिक स्तर पर शहद उत्पादन हेतु किया जाने वाला मधुमक्खी या मौन पालन का कार्य कहलाता है—
(a) विटीकल्चर (b) पिसीकल्चर (c) मेरीकल्चर (d) एपीकल्चर

42. जमीन पर फैलने वाली सब्जियों की व्यापारिक कृषि कहलाती है—
(a) वेजीकल्चर (b) ओलेरीकल्चर
(c) आरबोरीकल्चर (d) एपीकल्चर

43. सेरीकल्चर का सम्बन्ध है—
(a) लाख से (b) रेशम कीट से
(c) मधुमक्खी से (d) मछली से

44. मेरीकल्चर में किसका उत्पादन किया जाता है ?
(a) वृक्षों तथा झाड़ियों का (b) फूलों का
(c) समुद्री जीवों का (d) मधुमक्खियों का

45. सुमेलित कीजिए—

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. एपीकल्चर | 1. रेशम उत्पादन |
| B. सेरीकल्चर | 2. शहद उत्पादन |
| C. पीसीकल्चर | 3. अंगूर उत्पादन |
| D. विटीकल्चर | 4. मत्स्य उत्पादन |

| कूट : | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

46. सोपान कृषि कहाँ की जाती है?
(a) पहाड़ों के ढलानों पर
(b) शुष्क क्षेत्रों पर
(c) छतों पर
(d) पहाड़ों की चोटी पर *[SSC, 2011]*

47. सुमेलित कीजिए—

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| A. | फ्लोरीकल्चर | 1. | वन संरक्षण व सम्वर्द्धन |
| B. | सिल्वीकल्चर | 2. | फूलों की कृषि |
| C. | मेरीकल्चर | 3. | फलों का उत्पादन |
| D. | हार्टीकल्चर | 4. | समुद्री जीवों का उत्पादन |

| कूट : | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

48. झूम कृषि कहाँ पर की जाती है?
(a) उत्तर पूर्व भारत
(b) दक्षिण-पश्चिम भारत
(c) दक्षिण-पूर्व भारत
(d) उत्तर भारत *[SSC, 2011]*

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (b) | 2. (b) | 3. (c) | 4. (c) | 5. (d) | 6. (b) | 7. (a) | 8. (b) | 9. (d) | 10. (c) | 11. (d) | 12. (c) | 13. (b) |
| 14. (c) | 15. (d) | 16. (a) | 17. (d) | 18. (c) | 19. (d) | 20. (d) | 21. (b) | 22. (c) | 23. (d) | 24. (c) | 25. (b) | 26. (c) |
| 27. (b) | 28. (c) | 29. (b) | 30. (c) | 31. (d) | 32. (d) | 33. (b) | 34. (d) | 35. (b) | 36. (c) | 37. (d) | 38. (b) | 39. (a) |
| 40. (b) | 41. (d) | 42. (b) | 43. (b) | 44. (c) | 45. (b) | 46. (a) | 47. (b) | 48. (a) | | | | |